यूपी लेखपाल के 8 हजार से अधिक पदों के लिए आवेदन कल से, तैयारी में न करें देर

जल्द ही आरक्षी सहित अन्य सरकारी नौकरियों की हो सकती है बौछार, घर बैठे करें दिल्ली के टॉप फैकल्टी से पढ़ाई

नई दिल्ली। PSSSC ने 8085 पदों पर लेखपाल भर्ती परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। PET परीक्षा में शामिल हुए और वैध स्कोर हासिल करने वाले कैंडिडेट्स इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इसके अलावा वे नौजवान जो पीईटी में प्रतिभाग नहीं कर पाए थे, या कम स्कोर को लेकर परेशान थे, उन्हें भी जल्द ही सरकारी नौकरी के लिए अपनी किस्मत आजमाने का मौका मिलने वाला है। उनके लिए सिपाही भर्ती एक शानदार विकल्प साबित हो सकता है। इसलिए कम या अधिक स्कोर हासिल करने वाले सभी छात्रों को बिना समय गवाएं आज से ही अपने एग्जाम की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। इसके लिए छात्र Safalta.com की अनुभवी फैकल्टी द्वारा डिजाइन किए गए स्पेशल लेखपाल फाउंडेशन कोर्स व यूपी पुलिस कांस्टेबल फाउंडेशन कोर्स को ज्वाइन कर सरकारी नौकरी पाने का सपना साकार कर सकते हैं।

क्या कहते हैं हमारे PSSSC PET टॉपर्स

यह बताते हुए हमें गर्व महसूस होता है कि Safalta.com के पीईटी कोर्सेज में दाखिला लेने के बाद शानदार अंक प्राप्त करके परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके पुष्पेंद्र सिंह कहते हैं, "यूपीएसएसएससी की पीईटी का आवेदन तो कर दिया था लेकिन कोरोना के कारण लगे लॉकडाउन के चलते कोचिंग न मिल पाने को लेकर काफी परेशान था। तभी मुझे Safalta.com के ऑनलाइन बैच के बारे में जानकारी मिली। मैंने बिना समय गंवाए इस बैच को ज्वाइन कर लिया, जहां भगवती सर समेत कई अन्य फैकल्टी ने इस एग्जाम को क्रैक करने में मेरी मदद की और मैंने इस परीक्षा में 99.85 पर्सेंटाइल अंक हासिल किए हैं।" नरेश कहते हैं,"पीईटी में आवेदन करने के बाद परीक्षा की घर बैठे तैयारी करने के लिए मैंने Safalta.com की ऑनलाइन क्लासेज ज्वाइन की थी, जहां अनुभवी फैकल्टी का मार्गदर्शन मिलने के बाद इस एग्जाम में 99 प्रतिशत अंक हासिल किए। सफलता टीम के सभी फैकल्टी का तहे दिल से शुक्रिया।

अमर उजाला के सुधि पाठकों के लिए विशेष ऑफर

यूपी राजस्व लेखपाल भर्ती एग्जाम के लिए Safalta.com की ओर से 10 जनवरी 2022 को खास बैच की शुरुआत कर दी जाएगी। यह बैच आज यानी 6 जनवरी को एडमिशन लेने वाले प्रतियोगिओं को मात्र 999 रुपये में उपलब्ध होगा। इसके बाद इस बैच की फीस में भारी बढ़ोतरी हो जाएगी। इस फीस में केवल 125 सीटें ही उपलब्ध हैं। यूपी आरक्षी भर्ती बैच की फीस भी आज मात्र 999 रुपये है। तो देर किस बात की, अमर उजाला पाठक केवल दिए गए क्यूआर कोड से इस बैच में प्रवेश ले सकते हैं।

राजस्व लेखपाल

न्यूनतम योग्यता	बारहवीं पास व पीईटी स्कोर कार्ड
आवेदन प्रारंभ तिथि	7 जनवरी 2022
आवेदन अंतिम तिथि	28 जनवरी 2022
संशोधन अंतिम तिथि	4 फरवरी 2022
आवेदन शुल्क	25 रुपये

■ *यूपी लेखपाल भर्ती के लिए 10 जनवरी 2022 से नया बैच शुरू होगा। लेखपाल कोर्स की अधिक जानकारी व एडमिशन के लिए विजिट करें www.safalta.com/upsssc-lekhpal-21 अथवा QR कोड को स्कैन करें।*

पुलिस कॉन्स्टेबल

न्यूनतम योग्यता	बारहवीं
भर्ती आयोजन	संभावित
कुल पद	25000 (अनुमानित)

यूपी आरक्षी भर्ती के लिए 11 जनवरी 2022 से नया बैच शुरू होगा। आरक्षी कोर्स की अधिक जानकारी व एडमिशन के लिए विजिट करें - ww.safalta.com/up-police-constable अथवा QR कोड को स्कैन करें।

सफलता कोर्स क्यों होते हैं खास

- 180+ घंटे की लाइव इंटरेक्टिव क्लास
- 80+ पीडीएफ स्टडी मैटेरियल व क्लासरूम नोट्स
- 5000 महत्वपूर्ण सवाल की प्रैक्टिस
- सभी क्लासेज में डाउट क्लियरिंग का अवसर
- अधिक से अधिक मॉक टेस्ट का मौका

दोनों एग्जाम का लगभग समान है सिलेबस

यूपी लेखपाल व कॉन्सटेबेल भर्ती लिखित परीक्षा का सिलेबस लगभग एक समान होता है, पर साथ में छात्रों को कुछ अलग विषय भी पढ़ने होते हैं।आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा में जहां सामान्य हिंदी, सामान्य ज्ञान, संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता, बुद्धिलब्धि एवं तार्किक क्षमता व मानसिक अभिरुचि से सवाल पूछे जाएंगे, वहीं लेखपाल की परीक्षा में सामान्य हिंदी, सामान्य ज्ञान, गणित व ग्राम्य समाज एवं विकास से प्रश्न पूछे जाते हैं। ऐसे में प्रतियोगी अभ्यर्थियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर हो सकता है कि वे एक साथ दोनों भर्तियों के लिए खुद को तैयार कर सकते हैं।

A Media Solutions Initiative

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

बैंक ऑफ़ बड़ौदा

11—ए/4,नसीबपुर, बख्तियारा, अशोक नगर, इलाहाबाद
ई—मेलः sarall@bankofbaroda.co.in

Sale Notice

चल- अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए बिक्री सूचना
"परिशिष्ट- IV-A [नियम 8 (6) के प्रावधान को देखें]
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रुप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित चल- अचल सम्पत्ति/ बंधक/प्रभारयुक्त सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में लिया गया है को बैंक के निम्नलिखित खाते के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है, जो है जैसे है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी/ जमानतकर्ता/ प्रतिभूति आस्ति/देय/ आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (इएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है-

ई- नीलामी की तिथि एवं समय : 29.01.2022, 02:00 PM से 06:00 PM

धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान ऑनलाइन एनईएफटी/ट्रांस्फर (चलान निष्पादन के बाद) (https://www.mstcecommerce.com) के द्वारा बोलीदाताओं के ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में किया जाएगा।

क्रं0 सं0	ऋणियों/ जमानतकर्ताओं का नाम एवं पता	सम्पत्ति प्रतिभूमि आस्तियों/ बंधक सम्पत्ति का विवरण (ज्ञात ऋणभारों सहित, यदि कोई हो)	कुल बकाया राशि	सम्पत्ति निरीक्षण के लिए तिथि एवं समय	आरक्षित धनराशि/ अग्रिम धनराशि/ बिड बढ़ोत्तरी राशि
1.	**ऋणीः - (1) मेसर्स एस.के. कंस्ट्रक्शन प्रोपराइटरः संजय कुशवाहा** पुत्र चिकन लाल कुशवाहा **यूनिट का पता-** 115 शाह ऊर्फ पीपल गांव कौड़ीहार, इलाहाबाद (प्रयागराज) उत्तर प्रदेश, पिन- 211012. एवं **निवास का पताः** 115 शाहा उर्फ पीपल गांव कौड़ीहार, इलाहाबाद (प्रयागराज), यूपी, पिन 211012. **(2)- श्री संजय कुशवाहा** पुत्र चिकन लाल कुशवाहा **प्रोपराइटर- मेसर्स एस.के. कंस्ट्रक्शन, निवास का पता-** 115 शाहा ऊर्फ पीपल गांव कौड़ीहार, इलाहाबाद (प्रयागराज) पिन 211012. **जमानतकर्ता- (1) श्री किस्मत मियां** पुत्र बीर बल मियां पता- 2, रोटी गुदाम न्यू कैंट, कानपुर रोड इलाहाबाद (प्रयागराज) पिन 211012. **कब्जा की स्थिति- संकेतिक।**	आराजी सं0- 521 का जुज भाग पर स्थित भूमि एवं भवन का सभी भाग एवं भुखण्ड ग्राम- शाहा उर्फ पीपल गांव, परगना एवं तहसील- सदर, जिला- इलाहाबाद में श्री संजय कुशवाहा पुत्र चिकन लाल कुशवाहा के नाम से स्थित है। **क्षेत्रफल-** 126 वर्गमीटर। **चौहद्दीः- पूरब-** 10 फिट कच्चा रास्ता, **पश्चिम-** आराजी का भाग, **उत्तर-** दया राम का प्लाट, **दक्षिण-** किशन लाल कुशवाहा का प्लाट।	दिनांक- 31.03.2021 तक बकाया धनराशि ₹ **6,99,055.00** + ब्याज रिवर्सल + ब्याज प्रभार एवं अन्य खर्चे (-) जमा कि गई धनराशि, यदि कोई हो।	06.01.2022 से 28.01.2022 समय 10:00 AM से 4:00 PM	**₹19,07,000/-** (आरक्षित मूल्य) **₹1,90,700/-** (अग्रिम धनराशि) ₹10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)
2.	**ऋणीः- (1)- श्री भोला नाथ जयसवाल** पुत्र मिश्री लाल जयसवाल **पता-** ग्राम- बरौत, प्राथमिक विद्यालय बरौत के पास, जिला इलाहाबाद (प्रयागराज) उत्तर प्रदेश, पिन- 221502. **(2)- श्रीमती संगीता जयसवाल** पत्नी स्वर्गीय सुजीत कुमार जयसवाल, **(स्वर्गीय सुजीत कुमार जयसवाल के कानूनी वारिस) पताः** ग्राम- बरौत प्राथमिक विद्यालय बरौत के पास, जिला- इलाहाबाद (प्रयागराज), उत्तर प्रदेश, पिन -221502. **(3)- श्री अंकित जयसवाल** पुत्र स्वर्गीय सुजीत कुमार जयसवाल, **(स्वर्गीय सुजीत कुमार जयसवाल के कानूनी वारिस) पताः** ग्राम- बरौत, प्राथमिक विद्यालय बरौत के पास, जिला इलाहाबाद (प्रयागराज), उत्तर प्रदेश, पिन 221502. **(4)- विष्णु जयसवाल संरक्षक संगीता जयसवाल पत्नी स्व0 सुजीत कुमार जयसवाल, स्वर्गीय सुजीत कुमार जयसवाल** पुत्र भोला नाथ जयसवाल के कानूनी वारिस, **पताः** ग्राम- बरौत, प्राथमिक विद्यालय बरौत के पास, जिला- इलाहाबाद (प्रयागराज), उत्तर प्रदेश, पिन 221502. **जमानतकर्ता- (1)- श्री लाल मणि बिंद** पुत्र भरत बिंद **पताः** छिड़ी बरौत, जिला- इलाहाबाद (प्रयागराज), उत्तर प्रदेश, पिन 221502. **कब्जा की स्थितिः- संकेतिक**	आराजी सं0- 1153 का भाग जो कि मौजा- बरौत, परगना- केवई, तहसील- हण्डिया, जिला- इलाहाबाद (प्रयागराज) में भोला नाथ के नाम से खाता सं0- 00672, क्षेत्रफल- 0.015 हेक्टेयर में से रकबा 0.01790 हेक्टेयर में स्थित है। **चौहद्दीः- पूरब-** हृदयनारायण की बिकी हुई सम्पत्ति का भाग, **पश्चिम-** रेलवे स्टेशन रोड, **उत्तर-** हृदयनारायण की बिकी हुई सम्पत्ति का भाग, पोस्ट ऑफिस, **दक्षिण-**प्राथमिक विद्यालय बरौत।	**दिनांक- 30.06.2021 तक बकाया धनराशि** ₹ **8,87,389.56** + ब्याज रिवर्सल + अप्रयोजित ब्याज एवं अन्य खर्चे (-) जमा की गई धनराशि, यदि कोई हो।	06.01.2022 से 28.01.2022 समय 10:00 AM से 4:00 PM	**₹24,42,000/-** (आरक्षित मूल्य) **₹2,44,200/-** (अग्रिम धनराशि) ₹10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)
3.	**ऋणीः- (1)- मेसर्स लक्ष्मी मसाला इंडस्ट्रीज, प्रोपराइटरः श्री राकेश कुमार यादव** पुत्र स्व लाल बहादुर यादव, **फर्म का पताः-** 62, चक नीनिया, त्रिवेणी नगर, इलाहाबाद-212307, **आवासीय पताः-** मकान सं0- 62, त्रिवेणी नगर, इलाहाबाद-211008, **(2)- श्री राकेश कुमार यादव** पुत्र स्व लाल बहादुर यादव, (प्रोपराइटरः मेसर्स लक्ष्मी मसाला इंडस्ट्रीज) **फर्म का पताः-** 62, चक नीनिया, त्रिवेणी नगर, इलाहाबाद-212307, **आवासीय पताः-** मकान सं0- 62, त्रिवेणी नगर, इलाहाबाद- 211008, **जमानतकर्ताः- श्रीमती लक्ष्मी देवी** पत्नी राकेश कुमार यादव, **पताः** मकान नं0- 62, त्रिवेणी नगर, इलाहाबाद-211008. **कब्जा की स्थितिः- संकेतिक**	आराजी सं0- 243मी, मौजा- विरहा, परगना- अरैल, तहसील- करछना, इलाहाबाद में मेसर्स लक्ष्मी मसाला इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर श्री राकेश कुमार यादव पुत्र स्व0 लाल बहादुर यादव के नाम से स्थित है। **पैमाईशी क्षेत्रफल-** 1130 वर्गमीटर, **चौहद्दीः- उत्तर-** तालाब, **दक्षिण-** चक मार्ग, **पूरब-** मुन्नी लाल का खेत, **पश्चिम-** रामभरोसे का खेत।	₹ 75,87,322.00 (710206041000068 ओवर ड्राफ्ट लोन) एवं ₹47,71,534.81 (710209041000042 टर्म लोन) + ब्याज, यदि कोई हो।	06.01.2022 से 28.01.2022 समय 10:00 AM से 4:00 PM	₹55,57,500/- (आरक्षित मूल्य) ₹5,56,000/- (अग्रिम धनराशि) ₹10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)
4.	**ऋणीः- मेसर्स इष्ट रत्नशिला कम्पनी,** पार्टनर- श्री इष्ट नारायण मिश्रा, श्री कमलेश कुमार मिश्रा एवं श्रीमती रेखा पाण्डेय, पंजीकृत कार्यालय- ग्राम- धरावल, भटौली, मेजा, प्रयागराज, पिन- 212302. **पार्टनर्स /जमानतकर्ताः- (1)- श्री इष्ट नारायण मिश्रा** पुत्र स्व0 राम प्रकाश मिश्रा **पताः-** ग्राम- शुकुलपुर टप्पा 84, परगना- खैरागढ़, तहसील- मेजा, जिला- प्रयागराज, पिन- 212302. **(2)- श्री कमलेश कुमार मिश्रा** पुत्र स्व0 शम्भू नाथ मिश्रा, **पताः-** ग्राम- शुकुलपुर टप्पा 84, परगना- खैरागढ़, तहसील- मेजा, जिला- प्रयागराज, पिन- 212302. **(3)- श्रीमती रेखा पाण्डेय** पत्नी श्री संजय पाण्डेय, पताः- मैत्री संघ मार्ग, डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वार्ड- 39, जगदलपुर, जिला- बस्तर, छत्तीसगढ़- 494001.	**सम्पत्ति सं0-(1)** पंजीकृत बंधक सम्पत्ति भूमि एवं भवन जो कि आराजी सं0- 89, मौजा- शुकुलपुर, टप्पा- 84, परगना- खैरागढ़, तहसील- मेजा, जिला- प्रयागराज में स्थित है। क्षेत्रफल- 469 वर्गमीटर (75 फिट x 67 फिट), **चौहद्दीः- उत्तर-** शम्भूनाथ मिश्रा एवं अन्य का मकान, **दक्षिण-** आवेदक की भूमिधरी भूमि सं0- 88, **पूरब-** लालजी मिश्रा का मकान, **पश्चिम-** परती भूमि।	₹ 1,14,28,206.00/- + ब्याज प्रभार एवं अन्य खर्चे दिनांक **01.02.2020** से प्रभावी।	06.01.2022 से 28.01.2022 समय 10:00 AM से 4:00 PM	**सम्पत्ति सं0- 1** ₹31,89,000/- (आरक्षित मूल्य) ₹3,19,000/- (अग्रिम धनराशि) ₹10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)
		सम्पत्ति सं0- (2) अचल सम्पत्ति का विवरण (भूमि एवं भवन) - आराजी सं0- 89, मौजा- शुकुलपुर, टप्पा- 84, परगना- खैरागढ़, तहसील- मेजा, जिला- प्रयागराज में स्थित है। क्षेत्रफल- 525 वर्गमीटर (75 फिट x 75 फिट), **चौहद्दीः- उत्तर-** रामराज का मकान, **दक्षिण-** इष्ट नारायण मिश्रा का मकान, **पूरब-** इष्ट नारायण मिश्रा की बाउंड्री, **पश्चिम-** रास्ता उसके बाद परती भूमि।		06.01.2022 से 28.01.2022 समय 10:00 AM से 4:00 PM	**सम्पत्ति सं0- 2** ₹45,12000/- (आरक्षित मूल्य) ₹4,51,200/- (अग्रिम धनराशि) ₹10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)
		सम्पत्ति सं0- (3) सभी सम्पत्ति का भाग जो कि आराजी सं0- 279, 280 एवं 281 का भाग जो कि मौजा-धरावल, परगना- खैरागढ़, तहसील- मेजा, जिला- प्रयागराज में स्थित है। क्षेत्रफल- 1.027 हेक्टेयर, **चौहद्दीः- उत्तर-** दिवाकर मिश्रा की सम्पत्ति उसके बाद शक्तिमान इन्फ्रास्ट्रक्चर, **दक्षिण-** धरावल, **पश्चिम-** पी.पी. पाण्डेय की भूमि, **पूरब-** रास्ता एवं श्री दिवाकर मिश्रा की सम्पत्ति।			
		चल वस्तुओं का विवरणः- (4)- प्लांट एवं मशीनरी का दृष्टिबंधकः- (1)- जा क्रशर साइज- 26 " X 36"- 2017, सिंगल टोगल विथ 75 एचपी मोटर (मेक-राष्ट्रीय इंजिनियरिंग वर्कस). (2)- जा क्रशर साइज- 42" X 09"- 2017, सिंगल टोगल विथ 50 एचपी मोटर (मेक-राष्ट्रीय इंजिनियरिंग वर्कस). (3)- जा क्रशर साइज- 26 " X 06"- 2017, सिंगल टोगल विथ 50 एचपी मोटर्स (मेक-राष्ट्रीय इंजिनियरिंग वर्कस). (4)- स्टील हॉपर विथ लाइनर एण्ड सपोर्ट- 2017, (मेक-राष्ट्रीय इंजिनियरिंग वर्कस). (5)- वाइब्रेटिंग ग्रिजली साइज- 12' X 4' वन डेक- 2017, विथ 20 एचपी मोटर्स (मेक-राष्ट्रीय इंजिनियरिंग वर्कस). (6)- वाइब्रेटिंग स्क्रीन साइज- 18' X 6' - 3 + 1 डेक- 2017, विथ 30 एचपी मोटर्स (मेक-राष्ट्रीय इंजिनियरिंग वर्कस). (7)- फीड कॉनवेयोर (बीसी-1)- 800 एमएम वाइड" 25 मीटर, विथ 10 एचपी मोटर्स-2017 (मेक-राष्ट्रीय इंजिनियरिंग वर्कस). (8)- फीड कॉनवेयोर (बीसी-2)- 800 एमएम वाइड X 30 मीटर, विथ 10 एचपी मोटर्स-2017 (मेक-राष्ट्रीय इंजिनियरिंग वर्कस). (9)- रिटर्न कॉनवेयोर (बीसी-3)- 650 एमएम वाइड X 25 मीटर, विथ 10 एचपी मोटर्स-2017 (मेक-राष्ट्रीय इंजिनियरिंग वर्कस). (10)- डिलीवरी कॉनवेयोर (बीसी-4 टू 8)- 500 एमएम वाइड X 20 मीटर, विथ 05 एचपी मोटर्स-2017 (मेक-राष्ट्रीय इंजिनियरिंग वर्कस). (11)- इलेक्ट्रिक पैनल बोर्ड्स-2017. (12)- डीजल जेन. सेट- 20केवीए-2017. (13)- वेट ब्रिज विथ प्लेटफार्म- 45' X 10' - 2017 (मेक- सलसार).		06.01.2022 से 28.01.2022 समय 10:00 AM से 4:00 PM	**सम्पत्ति सं0- 3** ₹21,35,000/- (आरक्षित मूल्य) ₹2,13,500/- (अग्रिम धनराशि) ₹10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)
				06.01.2022 से 28.01.2022 समय 10:00 AM से 4:00 PM	**सम्पत्ति सं0- 4 सभी का संयुक्त रुप से आरक्षित मूल्य** ₹30,00,000/- (आरक्षित मूल्य) ₹3,00,000/- (अग्रिम धनराशि) ₹10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक ऑफ बड़ौदा की वेबसाईट का अवलोकन करेंः- www.Bankofbaroda.in/e-auction.htm & https://ibapi.in. इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं0- 9554956629 से सम्पर्क करें।

दिनांक : 05.01.2022 स्थानः प्रयागराज प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

दौलत हुसैन व विष्णु भगवान के बीच मैच टाई

मनीष देब स्कंद गुप्त स्मारक अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए तीन मैच

संवाद न्यूज एजेंसी

प्रयागराज। मनीष देव स्कंद गुप्त स्मारक अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को शहर के अलग-अलग मैदानों पर तीन मैच खेले गए। पहले मैच में दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब व विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के बीच मैच टाई पर समाप्त हुआ। दूसरे मैच में एंग्लो बंगाली क्रिकेट क्लब ने चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब बी को सात विकेट से हराया।

तीसरे मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब ए ने रुद्र अभिषेक ट्रस्ट फॉर स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन को चार विकेट से पराजित कर प्रतियोगिता में पूरे अंक जुटाए। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब 34.3 ओवर में पूरी टीम ऑलआउट होकर 158 रन बनाए। सलमान 43, मो. अली खान 36 व फैजान अहमद ने 26 रन का योगदान दिया।

कृष्णा साहू।

अनुराग गुप्ता और नितिन कुशवाहा ने दो-दो विकेट झटके। जवाब में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल की टीम भी 32.1 ओवर में 158 रन बनाए। प्रांजल 56 व आशुतोष ने 25 रन का योगदान दिया। फैजान व सिद्धार्थ ने तीन-तीन विकेट लिए। दूसरा मैच केपी कॉलेज मैदान पर चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब बी पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 182 रन बनाए। अर्जुन पांडेय 72, शुभम 30 व शिवांश ने 26 रन का योगदान दिया।

अनुराग, प्रखर और उत्कर्ष ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में एंग्लो बंगाली क्रिकेट क्लब 31.5 ओवर में तीन विकेट खोकर 186 रन से मैच जीत लिया। कृष्णा साहू 114 व शहजान ने 36 रन बनाए। आशुतोष भास्कर ने दो विकेट लिए। तीसरे मैच में गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए रुद्र अभिषेक ट्रस्ट फॉर स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन 38.5 ओवर में 160 रन बनाए। सिद्धांत सिंह 59 व अनुवेंद्र ने 30 रन का योगदान दिया। रितेश तीन और अंशुल व प्रतीक ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब ए 28.3 ओवर में छह विकेट खोकर 163 रन से मैच जीत लिया। हर्षित नारायण तिवारी 35, रोहित कुमार 24 व तेजस्व ने 22 रन बनाए। अनुराग कुमार और अनुवेंद्र ने दो-दो विकेट लिए।

अंकित ने वर्मा क्रिकेट क्लब को जीत दिलाई

प्रयागराज। राजा भैया जनसत्ता कप अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में अंकित यादव के अर्द्धशतक के दम पर वर्मा क्रिकेट क्लब ने विद्या भारती क्लब को पांच विकेट से हराकर प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया।

देव स्पोर्ट्स अकादमी मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में विद्या भारती क्लब 29.4 ओवर में 201 रन बनाए। विपुल शुक्ला 35, देवेंद्र 33 व सूरज ने 28 रन का योगदान दिया। संदीप पटेल, अभिनय मिश्रा, विनीत यादव व सावन यादव ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में 28.3 ओवर में पांच विकेट खोकर 205 रन से मैच अपने नाम किया। अंकित 78 व सीमांत ने 49 रन बनाए जबकि विभु शुक्ल व अंबुज शुक्ल ने दो-दो विकेट लिए। संवाद

अली-रोहित के प्रदर्शन से डीएवी जीता

प्रयागराज। गुलाम अली खान (132 रन, 94 गेंद, 17 चौके, एक छक्के) और रोहित आर्य (101 रन, 79 गेंद, 10 चौके व दो छक्के) की बदौलत डीएवी अकादमी ने चैंपियंस ईगल को 87 रन से हराकर तीन मैचों की टैलेंट सर्च क्रिकेट सीरीज 2-1 से जीत ली।

गुलाम अली रोहित आर्य।

डीएवी अकादमी ने बुधवार को अपने मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में तीन विकेट खोकर 316 रन बनाए। गुलाम अली 132, रोहित आर्य 101 व रोहित आर्य ने 101 रन बनाए। जवाब में चैंपियंस ईगल ने 35 ओवर में आठ विकेट खोकर 229 रन ही बना सकी। निशांत मावी 66, ध्रुव भाटी 39 व गौरव ने 35 रन बनाए। रचित द्विवेदी और सूरज पांडेय ने दो-दो विकेट लिए। संवाद

साहेब ने गोला फेंक में जीता रजत पदक



प्रयागराज। बेंगलुरु में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स पुरुष प्रतियोगिता में प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भय्या विश्वविद्यालय के श्रोवर साहेब सिंह ने 17.68 मीटर गोला फेंक कर द्वितीय स्थान के साथ रजत पदक प्राप्त किया। इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर शैलेश कुमार शुक्ला, डॉ. पवन कुमार पचौरी, डॉ. राम भूषण मिश्रा आदि लोगों ने साहेब सिंह के पदक प्राप्त करने पर शुभकामनाएं दी। संवाद

डॉ. विजय प्रताप बने मुख्य सेक्टर प्रभारी

प्रयागराज। बीएसपी प्रमुख मायावती ने चुनाव के पहले संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए पूर्व एमएलसी डॉ. विजय प्रताप को प्रयागराज मंडल का मुख्य सेक्टर प्रभारी बनाया है। बसपा शासन में दर्जा प्राप्त मंत्री बाबूलाल भंवरा को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। बाबूलाल भंवरा को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर बसपा के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। इसमें पूर्व मंडल सेक्टर प्रभारी रामबृज गौतम, रविंद्र गांधी, महेश प्रसाद समेत अन्य लोग शामिल हैं। संवाद

व्यापारियों को कराना होगा पंजीकरण

प्रयागराज। हंडिया के जंघई बाजार के दुकानदारों को वाणिज्यिक अधिष्ठान अधिनियत का पालन करना होगा। इस बाबत बुधवार को शासनादेश जारी कर दिया गया। जंघई बाजार में भी अब साप्ताहिक बंदी लागू होगी। सभी दुकानों तथा अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का श्रम विभाग में पंजीकरण कराना होगा। इसके साथ ही अब प्रदेश सरकार को शुल्क देना होगा। उप श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी ने बताया कि यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। ब्यूरो

डीएम ने की माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा

प्रयागराज। डीएम संजय कुमार खत्री ने बुधवार को माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा की। उनका स्नानार्थियों एवं कल्पवासियों की सुविधाओं, ट्रैफिक, सफाई व्यवस्था पर ज्यादा जोर रहा है।उन्होंने कोविड प्रोटाकाल सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम सिटी मदन कुमार समेत संबंधित विभाग के अफसर मौजूद रहे। ब्यूरो

ग्राम विकास बैंक में एकमुश्त समाधान योजना लागू

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक में एकमुश्त समाधान योजना लागू की गई है। इसके तहत ब्याज पर 30 से 100 फीसदी तक छूट प्राप्त की जा सकती है। वर्ष 1997 से 2013 के बीच के बकाएदार योजना का लाभ उठा सकते हैं। ब्यूरो

सपा कार्यालय में नए सदस्यों का स्वागत किया गया। विज्ञप्ति

कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं ने ली समाजवादी पार्टी की सदस्यता

प्रयागराज। कांग्रेस के कई कार्यकर्ता साइकिल पर सवार हो गए हैं। बुधवार को पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष योगेश चंद्र यादव ने इन्हें सदस्यता दिलाई। इसके बाद उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सदस्य रेवती रमण सिंह से भी मुलाकात की। सपा की सदस्यता लेने वालों में कांग्रेस के अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष अफरोज अहमद, अरविंद सोनकर, विनोद द्विवेदी , मो.आदिल, अशफाक अहमद, अरशद खान, मो. कैफ, मो.अजहर, संदीप यादव, ताज अहमद शामिल रहे। ब्यूरो

आगाज-2022 को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने संभाली कमान, कानपुर के रेलवे ग्राउंड में आठ जनवरी को आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

कानपुर। रेलवे ग्राउंड व्यापारियों के ऐतिहासिक जुटान का साक्षी बनने जा रहा है। यहां 8 जनवरी को आगाज-2022 का आयोजन होगा। जिसमें पूरे प्रदेश के व्यापारी एवं वैश्य समाज के लोग व इनके संगठनों के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। सम्मलेन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल मौजूद रहेंगे। आयोजन सफल बनाने के लिए प्रदेश के काबीना मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने खुद कमान संभाल रखी है। मंत्री नंदी का कहना है कि आयोजन का मकसद व्यापारियों में स्वाभिमान पैदा करना है।

महोबा में व्यापारियों के साथ संवाद के दौरान नंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने व्यापारियों को इज्जत के साथ व्यापार करने का माहौल दिया है। पूर्ववर्ती सपा सरकार में व्यापारियों में आम धारणा थी कि जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उसमें बैठा कोई गुंडा। अपनी तिजोरी भरने वाली बहन मायावती ने भी हमेशा व्यापारी वर्ग के साथ सौतेला व्यवहार किया।

आधी रात तक स्वागत में डटे रहे व्यापारी

आगाज-2022 को सफल बनाने के लिए नंदी ने 18 मंडलो के 75 जिलों में व्यापारियों के बीच जाकर न्यौता दिया। वह अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, नोएडा, वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या, बस्ती, गोंडा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर, कानपुर मंडल समेत अन्य जिलों में बैठकें कर चुके हैं। सहारनपुरए हमीरपुर आदि के ग्रामीण इलाकों तक मंत्री नंदी आधी रात के बाद पहुंचे लेकिन, इसके बावजूद वहां उनके स्वागत में व्यापारी जमे रहे।

महत्वपूर्ण व्यापारी संगठनों का समर्थन

समर्थन देने की घोषणा करने वालों में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के विनीत शारदा, वैश्य समाज-अजय केसरी, वैश्य एकता परिषद-सुमंत गुप्ता, इंटरनेट वैश्य फेडरेशन-आशोक अग्रवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष, नीरज बोरा, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन-नटवर गोयल, अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा-पदुम जायसवाल, अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा-किशन केसरवानी, अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य समाज-सुभाष केसरवानी, अखिल भारतीय अग्रहरि वैश्य समाज-सुरेश अग्रहरि, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन-गोपाल सरन गर्ग दिल्ली, अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य महासभा, श्रीअखिल भारतीय कान्यकुंज भोजवाल महासभा-सुभाष गुप्ता, वैश्य समाज महिला- लीना सिंघल, अखिल भारतीय कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई मोदनवाल महासभा, भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा, उप्र स्वर्णकार संघ हैं।